अनुक्रमांक .......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ..............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2019
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 1857 ई. की क्रान्ति के लिए तिथि निश्चित की गई- **(1)**

(A) 8 अप्रैल, 1857 ई. (B) 31 मई, 1857 ई.

(C) 10 मई, 1857 ई. (D) 1 जून, 1857 ई.

**2.** ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी? **(1)**

(A) देवेन्द्र नाथ टैगोर (B) केशव चन्द्र सेन

(C) राजा राममोहन राय (D) महादेव गोविन्द रानाडे।

**3.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अध्यक्ष कौन था? **(1)**

(A) दादाभाई नौरोजी (B) व्योमेश चन्द्र बनर्जी

(C) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी (D) फिरोज शाह मेहता।

**4.** चौरीचौरा काण्ड हुआ था- **(1)**

(A) गोरखपुर (B) लखनऊ

(C) कानपुर (D) जौनपुर।

**5.** फारवर्ड ब्लॉक का गठन किसने किया था- **(1)**

(A) जयप्रकाश नारायण (B) सुभाष चन्द बोस

(C) जवाहरलाल नेहरू (D) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद।

**6.** धन-निष्कासन का सिद्धान्त प्रतिपादित किया- **(1)**

(A) दादा भाई नौरोजी (B) गोपाल कृष्ण गोखले

(C) बाल गंगाधर तिलक (D) लाला लाजपत राय।

**7.** भारत में हरित क्रान्ति का जनक किसे कहा जाता है? **(1)**

(A) बीरबल साहनी (B) जगदीश चन्द्र बसु

(C) डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन (D) हरगोविन्द खुराना।

**8.** उत्तर प्रदेश कितने मण्डल में विभाजित है? **(1)**

(A) 18 मण्डल (B) 19 मण्डल

(C) 20 मण्डल (D) 21 मण्डल

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सी खरीफ की फसल है? **(1)**

(A) चना (B) सरसों

(C) मूँग (D) मटर।

**10.** चारकुला प्रमुख लोकनृत्य है- **(1)**

(A) बुन्देलखण्ड (B) बृजभूमि

(C) अवध (D) पूर्वांचल।

**11.** 'कैगा' परमाणु ऊर्जा उत्पादक केन्द्र भारत के किस प्रदेश में स्थित है? **(1)**

(A) गुजरात (B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु (D) केरल।

**12.** विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है- **(1)**

(A) 5 जून (B) 16 सितम्बर
(C) 22 मार्च (D) 6 जनवरी।

**13.** जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला है- **(1)**

(A) कानपुर (B) गौतमबुद्धनगर
(C) प्रयागराज (D) वाराणसी।

**14.** भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है- **(1)**

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग-1 (B) राष्ट्रीय राजमार्ग-2
(C) राष्ट्रीय राजमार्ग-7 (D) राष्ट्रीय राजमार्ग-44

**15.** योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुई। **(1)**

(A) 2014 ई. (B) 2015 ई.
(C) 2016 ई. (D) 2017 ई.

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी? **(1)**

**17.** गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन किस वर्ष प्रारम्भ किया? **(1)**

**18.** "स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। इसे हम लेकर रहेंगे।" किसका कथन है? **(1)**

**19.** 'होमरूल आन्दोलन' के प्रमुख नेता कौन-कौन थे? **(1)**

**20.** भारत छोड़ो आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ? **(1)**

**21.** प्रथम पंचवर्षीय योजना कब लागू की गई? **(1)**

**22.** भारत में चाँदी मुख्यतः किस प्रदेश में पाई जाती है? **(1)**

**23.** सुलहकुल महोत्सव कहाँ मनाया जाता है? **(1)**

**24.** उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी कौन है? **(1)**

**25.** विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

**26.** आलू उत्पादन में उत्तर प्रदेश का कौन-सा स्थान है? **(1)**

**27.** सूचना का अधिकार भारत में किस वर्ष लागू किया गया? **(1)**

**28.** उत्तर प्रदेश का सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला जिला कौन-सा है? **(1)**

**29.** भारत में पवन ऊर्जा के उत्पादन में कौन-सा भारत का राज्य अग्रणी है? **(1)**

**30.** लिंगानुपात से क्या तात्पर्य है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के असफलता के क्या-क्या कारण थे? **(2)**

**32.** 'आर्य समाज' की स्थापना किसके द्वारा की गई? सामाजिक सुधार हेतु आर्य समाज द्वारा किये गये प्रयासों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**33.** असहयोग आन्दोलन पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**34.** पंचशील से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं? **(2)**

**36.** मौसम से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**37.** पर्यावरण प्रदूषण किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार का होता है? **(2)**

**38.** राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य में क्या अन्तर है? **(2)**

**39.** नागरिक सुरक्षा संगठन का क्या उद्देश्य है? **(2)**

**40.** वनों से हमें क्या-क्या लाभ हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2019

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN